RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

MAHA SHIVRATRI

Happy Women Day

• वर्ष : 32 • अंक : 55 • 8:03:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-



# आज मनेगी महाशिवरात्रि, निकलेगी शिव बारात

## भूत-पिशाचों और देवताओं संग बारात लेकर निकलेंगे महादेव

### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजेंगे शिवालय, रहेगी बड़ी धूम

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में कल शुक्रवार को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि का दिन शिवजी के प्राकट्य और शिव विवाह का दिन माना जाता है। मान्यता है जो व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर शिव जी की पूजा अर्चना करता है भगवान शिव उसकी सभी मनोकामना पूरी करते हैं। इस साल



महाशिवरात्रि का त्योहार कल शुक्रवार, 8 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन 5 शुभ योग भी बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। वैदिक पंचांग के अनुसार महाशिवरात्रि की चतुर्दशी का आरंभ 8 मार्च को रात 9 बजकर 58 मिनट पर होगा और तिथि का अंत शाम 6 बजकर 16 मिनट पर होगा।

## अनोखा है यह मंदिर, यहां हैं 1 करोड़ शिवलिंग

कोट्टायम (एजेंसी)। वैसे तो भारत का हर शिव मंदिर अनोखा है, लेकिन आज हम आपको भारत के एक ऐसे शिव मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां हर कोई जाना चाहता है। इस मंदिर की अनोखी बात यह है कि इसमें एक या दो नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार के 1 करोड़



शिवलिंग हैं। तो आइए जानते है भारत के इस अनोखे शिव मंदिर के बारे में। बेंगलुरु से लगभग 100 किमी दूर, कर्नाटक के कोलार जिले के कम्मासंद्रा गांव में भगवान शिव का प्रतिष्ठित मंदिर है। इसे कोटिलिंगेश्वर नाम से जाना जाता है। मंदिर की खासियत है कि यहां विभिन्न आकारों के लगभग 1 करोड़ शिवलिंग हैं। कन्नड़ में कोटिलिंगेश्वर से कोटि का मतलब करोड़ होता है। लिंगों का आकार 1 फुट से लेकर 3 फुट तक होता है।

## नवनीत राणा निर्दलीय से अब बनेंगी बीजेपी उम्मीदवार

- महाराष्ट्र में 32 सीटों पर तैयारी, कई महिलाओं की आएगी बारी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर भाजपा में मंथन का दौर चल रहा है। अमित शाह मंगलवार को मुंबई पहुंचे थे और उन्होंने एकनाथ शिंदे और अजित पवार से मुलाकात की थी। इस दौरान सीट बंटवारे पर लंबा मंथन हुआ, जिसमें अमित शाह ने सहयोगी दलों से साफ कहा कि अभी भाजपा को ज्यादा सीटों पर लड़ने दें। फिर हम विधानसभा चुनाव में



आपके लिए ज्यादा सीटें छोड़ देंगे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि इस बार महाराष्ट्र में कई सीटों पर महिलाओं को मौका मिलेगा। बीड़ सीट से प्रीतम मुंडे का नाम फाइनल माना जा जा रहा है। इसके अलावा उनकी बहन पंकजा मुंडे को भी टिकट मिलने की उम्मीद है। अमरावती सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा इस बार भाजपा की कैंडीडेट बन सकती हैं। इसके अलावा हीना गावित को नंदूरबार से मौका मिलेगा। यही नहीं चर्चा है कि नांदेड़, जलगांव और धुले जैसी सीटों से भी महिला उम्मीदवारों को मौका मिल सकता है। नांदेड़ लोकसभा सीट से अशोक चव्हाण की भतीजी मीनल खटगांवकर रेस में आगे हैं।

### लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी ने चला बड़ा दांव

# 30 लाख सरकारी नौकरी

## कॉलेज के बाद सबको एक लाख का किया वादा




बांसवाड़ा (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव चल दिया है। युवा वोटर्स को साधने के लिए उन्होंने मंच से कई बड़े वादे किए हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि यदि देश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो 30 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके आलावा उन्होंने कॉलेज खत्म होने के बाद एक लाख रुपए वाली अप्रेंटिसशिप देने की भी घोषणा की है। उन्होंने युवा न्याय का ऐलान करते हुए पांच वादे किए हैं। मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, हिन्दुस्तान में 30 लाख सरकारी रिक्तियां हैं। मोदी जी इनको भरवाते नहीं हैं। बीजेपी इनको भरती नहीं है। सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा कि 90 पर्सेंट को 30 लाख नौकरियां हम देंगे। राहुल गांधी ने दूसरे वादे के तहत कहा कि देश में हर ग्रैजुएट को एक लाख रुपए वाला एक अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने हर युवा को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने की बात कही। उन्होंने कहा, हम मनरेगा लाए थे जिससे लाखों लोगों को फायदा हुआ, हमने रोजगार का अधिकार दिया था।

### गीग वर्कर्स के लिए राजस्थान वाला कानून देश में करेंगे लागू

राहुल गांधी ने कहा कि बहुत से युवा ओला-ऊबर, डिलीवरी का काम करते हैं इन्हें गीग वर्कर्स कहते हैं। इनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए लिए राजस्थान में हमने कानून बनाया था, उस कानून को पूरे हिन्दुस्तान में लागू करने जा रहे हैं। जो ड्राइवर, सिक्यॉरिटी गार्ड, ऊबर-ओला, पिज्जा डिलीवरी का काम करते हैं, इनकी रक्षा हो, इनके लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा हो, इन्हें एक दिन में नौकरी से ना निकाला जा सके। इसके लिए कानून बनाएंगे।

### 40 साल से कम के युवाओं के लिए स्टार्टअप फंड

राहुल गांधी ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए फंड देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने स्टार्ट अप इंडिया किया, स्टैंडअप इंडिया किया, मेक इन इंडिया किया, कोई फर्क नहीं पड़ा। सब कुछ दो-तीन अरबपति ले गए। युवाओं को ना स्टार्टअप मिला ना मेक इन इंडिया। हमने स्टार्टअप के लिए 5 हजार करोड़ का फंड बनाया है। हर जिले में यह फंड रहेगा।

## नीतिश कुमार आ चुके, नवीन पटनायक भी लगभग तैयार

- अब एनडीए में तीसरे बड़े दल की वापसी के बन रहे आसार

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की एनडीए में वापसी हो चुकी है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक के भी जल्द एनडीए में वापसी की अटकलें हैं। अब खबर है कि भारतीय जनता पार्टी भारत के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में भी बड़े गठबंधन की तैयारी में है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया है। खबरें हैं कि भाजपा तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना के साथ हाथ मिला सकती है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को नई दिल्ली पहुंच सकते हैं। साथ ही पवन कल्याण भी दिल्ली में मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा, टीडीपी और जनसेना देर रात मीटिंग कर गठबंधन पर चर्चा कर सकते हैं। कर्नाटक को छोड़कर भाजपा दक्षिण भारत के किसी हिस्से में खास मौजूदगी दर्ज नहीं करा सकी है। हालांकि, बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को तेलंगाना में भी चार सीटें मिली थीं। 5 राज्यों की 127 सीटों में से भाजपा 29 ही हासिल की थी।

### किसान आंदोलन

## प्रदर्शनकारी किसानों को लेकर 'हाई' हुआ हाईकोर्ट का 'पारा'

- जमकर भड़का, पूछा-दिल्ली में जंग है क्या? हथियार लेकर जा रहे
- हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती, कहा-आपके नेताओं को जेल भेजना चाहिए



चंडीगढ़ (एजेंसी)। बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने आंदोलनकारी किसान नेताओं को खूब फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है! यह शर्मनाक है, बिल्कुल शर्मनाक है। एसीजे जीएस संधवालिया और न्यायमूर्ति लपीता बनर्जी की खंडपीठ ने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप दिल्ली में जंग के लिए जा रहे हैं। इस तरह की तैयारी करके जाने की क्या जरूरत है। निर्दोष लोगों को आगे करना ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि आपके नेताओं को जेल भेजना चाहिए। बच्चों की आड़ में प्रदर्शन करना शर्मनाक है। आप जो कर रहे हैं, वह पंजाब की संस्कृति नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने किसान आंदोलनकारियों से कहा कि यह एक युद्ध जैसी स्थिति है। उन्होंने (प्रदर्शनकारियों ने) ऐसी स्थिति पैदा की। बाद में कहते हैं कि महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। अदालत का यह रिएक्शन हरियाणा सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील द्वारा विरोध प्रदर्शन की कई तस्वीरें दिखाए जाने के बाद आया। अदालत ने कहा, आप किस तरह के माता-पिता हैं। अदालत ने आंदोलन को शांतिपूर्वक बताने वाले वकीलों को फटकारते हुए कहा कि यहां खड़े हो कर बोलना बहुत आसान है। कोर्ट ने वकीलों से पटियाला की घटना याद दिलाई। पीठ ने कहा कि वहां एक पुलिस अधिकारी का हाथ काट दिया गया था। हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है। इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी कड़ी फटकार लगाई।

### कांग्रेस के गढ़ और वंश दोनों भाजपा के निशाने पर

## रायबरेली में प्रियंका गांधी को रोकने और 34 फीसदी वोट में सेंधमारी का बना 'पासी प्लान'



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में रायबरेली संसदीय सीट नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश में यह कांग्रेस की इकलौती सीट रह गई है। 2019 के चुनावों में यहां से सोनिया गांधी की जीत हुई थी। वह पिछले 20 वर्षों से यहीं से लगातार सांसद चुनी जाती रही हैं। इस बार उन्होंने राज्यसभा का रास्ता चुना है। अब चर्चा है कि इस सीट पर उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। भाजपा ने पिछले चुनाव में नेहरू-गांधी परिवार के दूसरे गढ़ अमेठी को कांग्रेस से छीन लिया था। इस बार रायबरेली पर ना सिर्फ भाजपा की नजर है बल्कि उस पर कब्जा करने को आतुर भी दिख रही है। हालिया राज्यसभा चुनाव में इसके संकेत दिख गए थे, जब रायबरेली संसदीय सीट के तहत आने वाले ऊंचाहार विधानसभा सीट से सपा के विधायक और पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने क्रॉस वोटिंग कर भाजपा को जिताने में मदद की थी। बीजेपी की 34 फीसदी पासी वोटों पर भी नजर है।

# मैं 2014 से आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा

- श्रीनगर में बोले पीएम मोदी, परिवारवाद किया बड़ा हमला
- कहा-कश्मीर बंदिशों से आजाद, लौटाए जा रहे हैं अधिकार
- जम्मू-कश्मीर को बताया अपना परिवार, रमजान की बधाई
- शंकराचार्य का भी किया जिक्र, की दिल जीतने की कोशिश

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर मेरा परिवार है। इसे मैंने कभी इससे अलग नहीं समझा। पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए लोगों के दिलों को छूने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आज नया कश्मीर दिख रहा है, जिसका हमें दशकों से इंतजार था। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बंदिशें खत्म हो गई हैं और लोगों की उम्मीदें पूरी हो रही है। उनके अधिकार वापस लौटाए जा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने पूरे देश को भ्रम में डाला कि आर्टिकल 370 जरूरी है लेकिन उसके चलते यहां लोगों के साथ अत्याचार होते रहे और उन्हें अधिकार नहीं मिलते थे। पीएम



मोदी ने कहा कि आजादी के बाद परिवारवादी राजनीति का सबसे ज्यादा शिकार जम्मू-कश्मीर हुआ है। आज ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, लेकिन देश करारा जवाब दे रहा है। हर कोने से लोग कह रहे हैं- मैं हूं मोदी का परिवार। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने जम्मू-कश्मीर को भी अपना परिवार माना है। इसलिए लोग भी कहते हैं- मैं हूं मोदी का परिवार।

### मैं 2014 से आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा

मोदी ने कहा- आपके इतनी बड़ी तादाद में आने से मैं जितना खुश हूं, उतना ही कृतज्ञ हूं। प्यार के इस कर्ज को चुकाने में मोदी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। 2014 के बाद से मैं जो मेहनत कर रहा हूं, आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा हूं। देख रहा हूं कि कोशिश सही दिशा में जा रही है। ये मोदी की गारंटी है यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- धरती के स्वर्ग पर आने का अहसास शब्दों से परे है। प्रकृति का ये अनुपम स्वरूप, ये हवा, ये वातावरण और आप कश्मीरी भाई-बहनों का इतना सारा प्यार।

## पूर्वोत्तर की 25 में से 22 सीटें जीतेगा भाजपा गठबंधन

- पीएम मोदी के दौरे से पहले हिमंत बिस्वा सरमा का बड़ा दावा



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) आगामी आम चुनावों में पूर्वोत्तर की 25 लोकसभा सीटों में से 22 पर जीत हासिल करेगा। गुवाहाटी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि असम की 14 लोकसभा सीटों में से केवल तीन सीटों पर ही अभी अनिश्चितता है। नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक सरमा ने कहा, एनडीए पूर्वोत्तर की 25 लोकसभा सीटों में से 22 पर जीत हासिल करेगा। असम को छोड़कर हमें पूर्वोत्तर क्षेत्र की सभी सीटें जीतने की उम्मीद है।

## बिहार में फंसा पेंच, एनडीए-इंडिया दोनों में घमासान

### नहीं बन पा रही है सहमति, कई सीटों पर टकराव जारी

पटना (एजेंसी)। बिहार में सीट बंटवारे का पेच फंसा है। सभी अपने-अपने दावे के साथ उम्मीद के उम्मीदवार बने हैं। सीट विभाजन को लेकर माथापच्ची राजग के साथ महागठबंधन भी कर रहा है। राजग के लिए 2019 चुनाव की तरह 2024 में सीटों का बंटवारा आसान नहीं है। बिहार में कुल 40 लोकसभा की सीटें हैं। भाजपा और जद (एकी) ने बीते चुनाव में 17-17 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और छह सीटें लोजपा को दी थीं। उस वक्त यह बंटवारा आसान था। अबकी लोजपा में भी दो गुट हैं। चिराग और पारस का। फिर जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के भी दल हैं। इन सबको खुश करना थोड़ी टेढ़ी खीर राजनीति के जानकार बताते हैं। जद (एकी) के फिर साथ आने से भागलपुर जैसी सीट फंस गई है। भागलपुर व बांका पर पारंपरिक रूप से भाजपा का दावा रहा है लेकिन पिछली दफा भागलपुर व बांका सीट जद (एकी) की झोली में भाजपा ने डाल दी थी। नतीजतन भागलपुर से अजय मंडल



और बांका से गिरधारी यादव को जीत मिली थी लेकिन खबर है कि भाजपा इन दोनों सीटों पर अपना दावा पेश कर रही है। 'इंडिया' गठबंधन का भी कमोबेश यही हाल है। राजद इस घटक का प्रमुख दल है। कांग्रेस और तीनों वामदल भी शामिल हैं। इन दलों के बीच भी सीटों का बंटवारा अभी तक साफ नहीं है। सबका अपना दावा है। यह महागठबंधन चाहता है कि जीतने वाले उम्मीदवार राजग के खिलाफ खड़े किए जाएं। तेजस्वी की विश्वास यात्रा में भीड़ और युवाओं के जोश देखकर वे विश्वास से लबालब है लेकिन उम्मीदवार उतारना उतना ही कठिन काम है। सीटों के बंटवारे को लेकर उनका भी सिरदर्द बढ़ा है।

## आए थे सीट बंटवारा करने उलटे टेंशन दे गए प्रकाश

- आंबेडकर ने पवार-ठाकरे के सामने रख दी दो अनोखी शर्त



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर खींचतान जारी है। बुधवार को विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाडी के घटक दलों के नेताओं और वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रकाश आंबेडकर के बीच राज्य की 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर मुंबई के एक होटल में बैठक थी। ये बैठक करीब साढ़े तीन घंटे चली लेकिन बेनतीजा रही। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में प्रकाश आंबेडकर ने दो ऐसी शर्तें रख दीं, जिससे एमवीए के दो बड़े नेता टेंशन में आ गए। आंबेडकर ने 48 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों की मांग कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड पुलिस की मदद से बनेगा बॉर्डर के रास्तों पर चेकपोस्ट



**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** भागलपुर से सटे पड़ोसी राज्य जाने वाली सभी सड़कों पर झारखंड पुलिस की मदद से चेकपोस्ट बनाया जाएगा। इसको लेकर डीएम व एसएसपी ने बुधवार को कहलगांव, सन्हौला व पीरपैंती के बॉर्डर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने जिले की भौगोलिक बनावट का जायजा लिया। डीएम हनवारा बॉर्डर पर काफी देर रुके। वहां मौजूद अधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव पर कड़ी सुरक्षा की तैयारी करने के निर्देश के साथ ही झारखंड पुलिस-प्रशासन से समन्वय बनाते हुए वांछितों पर कार्रवाई करने को कहा गया। डीएम ने कहा, पड़ोसी राज्यों से आने वाले संदिग्ध राहगीर से लेकर वाहनों की प्रमुखता से तलाशी की जाए। चुनाव के समय पड़ोसी राज्य से शराब, ड्रग्स, कैश आदि आने का अंदेशा रहता है। इसलिए सीमाई क्षेत्रों में रोको-टोको अभियान चलाया जाए। बॉर्डर एरिया के भ्रमण के बाद एनटीपीसी के मानसरोवर गेस्ट हाउस में डीएम ने एसएसपी आनंद कुमार के अलावा आधा दर्जन अधिकारियों के साथ क्षेत्र व सीमा की स्थिति देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती के निर्देश दिए। डीएम-एसएसपी ने पुलिस फोर्स रखने के लिए भी कई स्कूलों का भ्रमण भी किया। करीब आधा दर्जन से ज्यादा मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में स्कूली बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछताछ भी की। उच्च विद्यालय, कलगीगंज पहुंचकर मतदान केंद्र व पुलिस फोर्स रखने के लिए स्थल की जांच की। डीएम ने पत्रकारों को बताया कि लोस चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। उन्होंने शराब तस्करी करने वालों पर कड़ी निगरानी करने का आदेश दिया। इस अवसर पर एसडीओ अशोक कुमार मंडल, डीसीएलआर, बीडीओ रवि सिन्हा के अलावा सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस गाड़ी जलाने व हमला के मुख्य आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** रंगरा सहायक थाना अंतर्गत रंगरा दक्षिणी टोला में बीते सप्ताह महिला शोभादेवी की हत्या के बाद भड़के उपद्रवियों ने पुलिस गाड़ी जलाने सहित पुलिस टीम पर हमला कर जवानों को घायल कर दिया था। एसपी नवगछिया पूरण कुमार झा के नेतृत्व में चार थाना की पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कारेलाल मंडल व उसकी पत्नी उर्मिला देवी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बयान जारी कर बताया है कि जांच के दौरान यह बात सामने आया कि दोनों की भूमिका उग्र भीड़ को भड़काने व शामिल होने में रही।

### पछुआ हवा के कारण सुबह-शाम ठंड का हो रहा है एहसास



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सभी जिलों में मौसम सामान्य बना हुआ है। पिछले दो दिनों से दिन में कड़ी धूप निकल रही है, जिसके कारण दिन के समय गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं प्रदेश में एक बार फिर से पछुआ हवा चलने के कारण सुबह और रात के समय हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में 15 से 20 किमी की रफ्तार से पछुआ हवा चल रही है, जबकि झोंके के साथ इसकी रफ्तार 30 किमी प्रति घंटे तक है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले पांच दिन तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। इससे अभी सुबह और शाम लोगों को हल्की ठंड महसूस होगी। पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार का मौसम आमतौर पर शुष्क रहा। दिन के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। राज्य में अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस खगड़िया, मोतिहारी और फारबिसगंज में दर्ज किया गया। वहीं समस्तीपुर के पूसा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शेखपुरा के न्यूनतम तापमान में 6.2 डिग्री की गिरावट के साथ 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं नवादा के न्यूनतम तापमान में 5.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट, पूसा में 5.5 डिग्री की गिरावट, सीतामढ़ी के पुपरी में 5.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

### सरातियों से भरा ऑटो पलटा, दुल्हन के मामा की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में सरातियों से भरा ऑटो पलट गया। ऑटो पर कुल 10 लोग सवार थे। जिसमें एक की मौत हो गई। मृतक दुल्हन के चचेरे मामा लगते थे। हादसे में बाकी 9 लोग घायल हो गए हैं। जिसमें ऑटो चालक भी शामिल है। घायलों का अलग-अलग अस्पताल में चल रहा है। मृतक चौरी थाना क्षेत्र कोडियर गांव निवासी काशीनाथ सिंह के 46 वर्षीय पुत्र फुदेना प्रसाद है। पेशे से मजदूर थे। इन्हें पहले गड़हनी पीएचसी ले जाया गया, पर रास्ते में इन्होंने दम तोड़ दिया। घटना पवना थाना क्षेत्र के पवार मोड़ के समीप की है। जख्मियों में मृतक की फुआ लीलावती देवी, चचेरी बहन सुगंती देवी, चाची शिवकुमारी देवी व चालक समेत अन्य लोग शामिल हैं। मृतक के भाई राज कुमार ने बताया कि उनके चचेरे चाचा नागेंद्र तत्वा की नतनी पार्वती की शादी संदेश मंदिर में हो रही थी।

# आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज की सुविधा पाना नहीं आसान, मरीज बाजार से खरीद रहे दवाएं

**पटना सिटी, एजेंसी।** गरीब से गरीब आदमी गुणवत्तापूर्ण उपचार करा सके, यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लक्ष्य है।

अधिक से अधिक लोग हर वर्ष पांच लाख तक का पूर्णतय- मुफ्त उपचार सम्बद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों में करा सकें, इसलिए इसे राशन कार्ड से भी जोड़ दिया गया है।

कई बड़े अस्पतालों में मरीजों की मदद के लिए आयुष्मान मित्र भी तैनात किए गए हैं, लेकिन फिर भी लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

निजी ही नहीं नालंदा मेडिकल कालेज सह अस्पताल (एनएमसीएच) जैसे सरकारी संस्थानों में आयुष्मान कार्ड पर मुफ्त उपचार की सुविधा पाना आसान नहीं है।

व्यवस्था ऐसी है कि मरीजों को दवा से लेकर जांच तक सब बाहर से करानी पड़ती है। नतीजा, बहुत से मरीज पैसों के अभाव में बीच में ही उपचार बंद कर वापस घर चले जाते हैं।

आयुष्मान भारत कार्ड पर भर्ती मरीज पांच लाख तक का उपचार निशुल्क करा सकता है। सरकारी अस्पतालों में जो सुविधाएं निशुल्क हैं उसकी मद में इलाज पर हुए कुल खर्च का 25 प्रतिशत अस्पताल व 25 प्रतिशत डाक्टर को मिलता है।

इस राशि का उपयोग अस्पताल की सुविधाएं बढ़ाने में करना है। ऐसे में जब



एनएमसीएच में आयुष्मान भारत कार्ड पर मरीज भर्ती हो रहा है तो उसके एवज में धनराशि भी आती होगी। जब रोगी का इलाज मुफ्त होता नहीं तो वह राशि कहां जाती है?

बाढ़ प्रखंड के विकास नगर निवासी 15 वर्षीय इंद्रजीत कुमार थायराइड का उपचार कराने के लिए 21 फरवरी को एनएमसीएच के औषधि विभाग में भर्ती हुआ था। मां टुन्नी देवी ने प्रिस्क्रिप्शन पर आयुष्मान भारत की लगी मुहर दिखाते हुए कहा कि इस कार्ड पर कोई सुविधा मुफ्त नहीं है।

अबतक दवा व जांचों पर हजारों रुपये खर्च कर परेशान हो चुके हैं। हर जांच बाहर से करानी पड़ी है। अब पैसे नहीं बचे हैं इसलिए इलाज बंद कर घर जाने की स्थिति आ गई है। अन्य रोगियों को जो सुविधा मिल रही है, उससे इतर सिर्फ इतना है कि पुर्जे पर आयुष्मान भारत की मुहर लगी हुई है।

औषधि विभाग में ही लिवर संबंधी रोग का उपचार कराने को भर्ती हिलसा निवासी सुरेंद्र प्रसाद, आलमगंज निवासी मरीज मो. नून हसन, फतुहा निवासी किडनी रोगी मो. सगीर समेत कई मरीजों एवं स्वजनों ने बताया कि पानी चढ़ाने और एक-दो सुई ही अस्पताल से मुफ्त मिलती है।

अधिकतर दवाएं बाजार से खरीद कर लानी पड़ रही हैं। सबसे ज्यादा दुख उन्हें इस बात का है कि अस्पताल प्रशासन की अनदेखी या मिलीभगत के कारण हर वार्ड में दलाल सक्रिय हैं। ये दलाल अस्पताल में निशुल्क होने वाली जांचें भी विशेष जांच केंद्र पर कराने के लिए मजबूर करते हैं।

उनका कोई अस्पतालकर्मी विरोध नहीं करता है। स्वजन ने बताया कि ओआरएस तथा विटामिन का सिरप तक बाजार से लाना पड़ता है। इस मामले में वार्ड में मौजूद परिचारिकाओं ने बताया कि उनके पास जो दवा-सूई उपलब्ध होती है वो मरीज को देती हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर बिहार से गिरफ्तार, नेपाल भागने की फिराक में थे बदमाश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के गिरोह के दो शार्प शूटरों को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। लॉरेंस के शूटर सुनील बारोलिया और शहनवाज शाहिद को मुजफ्फरपुर में दबोचा गया है। मुजफ्फरपुर डीआईयू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को सीतामढ़ी रोड पर एक बस से गिरफ्तार किया। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे। डीआईयू टीम ने हरियाणा पुलिस को इनके धरे जाने की सूचना दी। दोनों से सघन पूछताछ की जा रही है। हरियाणा क्राइम ब्रांच की टीम दोनों को ले जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुनील मूलरूप से राजस्थान के जयपुर और शहनवाज सीतामढ़ी का निवासी है। फिलहाल, शहनवाज रोहतक में रह रहा था। दोनों शार्प शूटर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और यूपी में कई मामलों में वांटेड हैं। मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना इलाके में दरभंगा फोरलेन पर मंगलवार देर रात अपराधियों ने बाइक सवार पर फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक खोखा और नई बाइक जब्त की है। हालांकि, मौके पर कोई भी घायल शख्स नहीं मिला। पुलिस ने बुधवार देर शाम तक इलाके के सभी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम में तलाश भी की। मगर गोलीबारी में घायल शख्स का पता नहीं लग पाया है।

पुलिस अब बाइक के इंजन और चेसिस नंबर के जरिए उसके मालिक का पता लगाने में जुटी है। अहियापुर थानेदार रोहन कुमार ने बताया कि दरभंगा फोरलेन पर एक बाइक सवार को गोली मारे जाने की सूचना मिली। इसके बाद गश्ती दल को मौके पर भेजा गया। वहां एक बाइक लावारिस हालत में मिली। थानेदार ने बताया कि बाइक मालिक के मिलने के बाद ही घटना का पता लग पाएगा।

## बिहार के मुजफ्फर इलियास ने ड्रीम 11 पर टीम बनाकर एक करोड़ का इनाम जीता

**सारण, एजेंसी।** बिहार के सारण जिले के लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी मो. सलामुद्दीन उर्फ मुन्ना के 30 वर्षीय पुत्र मुजफ्फर इलियास ने ड्रीम 11 पर टीम बनाकर एक करोड़ का इनाम जीता है। मुजफ्फर के एक करोड़ जीतने से उनके माता-पिता व अन्य परिजन खुश हैं। मुजफ्फर साढ़े चार वर्षों से ड्रीम 11 पर टीम बना रहे हैं। इलियास ने बताया कि उन्होंने श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच हुए मैच में ड्रीम 11 पर टीम बनायी थी। जैसे ही इलियास ने अपनी मम्मी-पापा को एक करोड़ जीतने की बात बताई, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पूरे गांव के लोग उनके मम्मी-पापा को बधाई दे रहे हैं।

मुजफ्फर इलियास का कहना है कि ड्रीम 11 में टीम बनाना इतना आसान नहीं हैं। वह खुद कई वर्षों से टीम बना रहे हैं। बताया कि जीते हुए 1 करोड़ में से टैक्स काटकर बाकी 70 लाख रुपए उनके अकाउंट में आ गए हैं। इलियास ने बताया कि उन्हें बचपन से क्रिकेट खेलने का शौक है। मैदान पर तो बड़े मौके नहीं मिले, लेकिन ड्रीम 11 ने उनका सपना साकार कर दिया है। इलियास के पिता खाड़ी देश में नौकरी करते हैं। इलियास ने बीटेक किया है और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं।

# खुले में धड़ल्ले से बिक रही मांस मछली, बीमार हो रहे लोग, नगर परिषद अब तक पस्त

**रामनगर, एजेंसी।** नगर परिषद की तरफ से अभी तक मांस मछली की दुकानों को लेकर कोई भी गाइड लाइन जारी नहीं की गई है। जिसके कारण आज हर चौक चौराहा पर खुले में मांस- मछली की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिसे खाकर आम लोग बीमार हो रहे हैं।

यह संक्रमण बरसात के दिनों में नीचे रखकर बिकने वाले मांस मछली में अधिक होता है। मिट्टी एवं धूल कणों के संपर्क में आकर यह अधिक संक्रमित होते हैं। खरीदार महंगे दाम पर रोग को अपने घर ले जाते हैं। कहीं-कहीं तो मांस- मछली की दुकानों का संचालन स्कूलों के पास भी किया जाता है।

इससे आते-जाते स्कूली बच्चों के बाल मन प्रभावित होते हैं। यह समस्या बीते कई सालों से चली आ रही है। इतना ही नहीं सूत्रों से यह भी पता चला है कि मांस मछली विक्रेता इसमें बकरे के जगह बकरी एवं बासी मांस और मछली को भी ताजे मछली में मिलाकर बेचते हैं। जिसे खरीद कर लोग बीमारी को



अपने घर लेकर जाते हैं।

नगर परिषद के तरफ से ना तो इस दिशा में कभी ठोस कदम उठाए गए और ना ही कभी इसको लेकर रोक-टोक की जाती है। कभी-कभार निरामिष दिवस के अवसर पर ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार कर नप अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान लेता है।

नगर के निवासी संजय कुमार का कहना है कि दुकानदारों का लाइसेंस निर्गत किया जाए। जिससे लोग वैध दुकान से खरीदारी कर सकें। साथ ही उनके बेचने के लिए स्थान निर्धारित किया जाए।वहीं, मोहसिन अहमद का कहना है कि व्यवस्थित तरीके से लाइसेंस उनके नाम से निर्मित किया जाए। साथ ही मांस मछली को कपड़े से ढंक कर बेचने की व्यवस्था हो। ग्राहक पूरे पैसे देकर सड़ा और बासी सामान क्यों खरीदें।

**सिर्फ वादा करना नगर परिषद प्रबंधन**

नगर में मांस मछली विक्रेताओं के लिए कई बार बाजार की व्यवस्था को लेकर नगर परिषद की तरफ से वादे किए जाते हैं। आश्वासन भी दिया जाता है। विक्रेताओं के लिए बाजार सुनिश्चित करने एवं लाइसेंस निर्गत करने के बारे में कहा जाता है। परंतु, यह फाइलों में दबाकर ही रह जाता है।


अभी हाल में ही बोर्ड की बैठक में इस पर चर्चा की गई थी। परंतु, इस दिशा में कब से कार्य होगा। इसका किसी को पता नहीं है। स्थानीय लोगों की माने तो, सालों से यह बात कही सुनी जा रही है।

# चिराग पासवान को इंडिया अलायंस से बड़ा ऑफर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में एनडीए में सीट बंटवारे पर पेच फंसा हुआ है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हनुमान कहे जाने वाले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और जमुई से सांसद चिराग पासवान को इंडिया अलायंस से बड़ा ऑफर मिला है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चिराग को 6+2+2 सीट देने की पेशकश की गई है। यानी बिहार में आठ और पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में दो सीट का ऑफर इंडिया गठबंधन की तरफ से दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि चिराग पासवान को ऑफर की गई बिहार की आठ सीटों में वे सभी छह लोकसभा सीटें शामिल हैं, जिस पर 2019 के चुनावों में अविभाजित लोजपा ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा राज्य में दो अतिरिक्त सीट देने की भी बात कही गई है। इस तरह उन्हें कुल आठ सीटें देने का प्रस्ताव रखा गया है।

इंडिया गठबंधन की तरफ से दिया गया ऑफर चिराग पासवान के लिए बेहद लुभावना है क्योंकि भाजपा की अगुवाई



वाले एनडीए में उन्हें सिर्फ वही छह सीटें दी जा रही हैं, जो 2019 में पार्टी ने जीती थी। इनमें से पांच सीटें उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के धड़े वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कब्जे में है, जिनसे उनका 36 का आंकड़ा है। इस तरह एनडीए की तरफ से चिराग को सिर्फ सीटिंग जमुई सीट ही मिल रही है, जबकि वह पिता रामविलास पासवान की परंपरिक सीट हाजीपुर समेत छह सीटों पर अपना दावा ठोक रहे हैं।

बता दें कि रामविलास पासवान के निधन के बाद 2021 में पार्टी विभाजित हो गई थी। उनके चाचा पशुपति कुमार पारस ने पांच सांसदों के साथ विद्रोह करते हुए पार्टी पर कब्जा कर लिया था। इस विद्रोह के कुछ दिनों बाद ही पारस को केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने पर चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार पर हमला बोला था। हालाँकि, उन्होंने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने से परहेज किया था।

चिराग पासवान खुद को मोदी का हनुमान कहते रहे हैं, जबकि 2020 के विधानसभा चुनावों से ही नीतीश कुमार के घोर विरोधी रहे हैं। अब इंडिया गठबंधन से नीतीश के निकलने के बाद उनके दुश्मन को दोस्त बनने का ऑफर दिया गया है। अगर चिराग ये ऑफर मान लेते हैं तो एनडीए को करीब 5 फीसदी वोट गंवाना पड़ सकता है। राज्य में पासवानों का करीब 5.5 फीसदी वोट है, जिसे चिराग पासवान के साथ माना जाता है। पीएम मोदी की हालिया दो सभाओं में चिराग पासवान शामिल नहीं हुए थे, जिससे उनके नाराज होने की चर्चा चल रही है।

## सड़क निर्माण की रखी गई आधारशिला : 5 करोड़ 18 लाख की लागत से होगी तैयारी, लोगों को मिलेगा फायदा



**बांका, एजेंसी।** बांका में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत अमरपुर बाजार से सलेमपुर होते हुए मादाचक गांव तक लगभग सात किलोमीटर सड़क निर्माण का बुधवार को सांसद गिरिधारी यादव एवं पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक जयंत राज कुशवाहा ने संयुक्तरूप से आधारशिला रखी।सात किलोमीटर सड़क का निर्माण 5 करोड़ 18 लाख से किया जायेगा।

सड़क निर्माण होने से महमदपुर, गालीमपुर, मोगलानीचक, सलेमपुर, पूरनचक, मालदेवचक, कल्याणपुर, मादाचक, किशनपुर सहित दर्जन भर से अधिक गांवों एक बड़ी आबादी को आवागमन में काफी सुविधा होगी। जो इन गांवों के लोगों को प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय के अलावा रजौन, धोरैया एवं झारखंड आने-जाने में भी सुविधा होगी।

सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बांका वन के द्वारा निर्माण एजेंसी महाकाल कंपनी औरंगाबाद द्वारा किया जायेगा। पूर्व मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रत्यनशील हैं। ग्रामीण कार्य विभाग या फिर लघु जल संसाधन विभाग का मंत्री रहते बांका जिला में कई सड़क निर्माण एवं पोखर, बांध की खोदाई का कार्य कराया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार, पंकज दास,जिलाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, बालेश्वर गांधी, ई. नीरज शर्मा, शिव प्रसाद मंडल, गणेश लाल दास सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिले में बढ़ी मखाना की खेती, किसान कमा रहे बंपर मुनाफा

**बरारी (कटिहार), एजेंसी।** केला में पनामा बिल्ट बीमारी के प्रकोप के बाद किसानों का रूझान मखाना खेती की ओर तेजी से हुआ है। मखाना की खेती को किसानों ने अपने जीविकोपार्जन का आधार बनाया है। बरारी प्रखंड क्षेत्र के रौनिया, पूर्वी बारीनगर, भंडारतल, भैसदीरा, जगदीशपुर, सुजापुर, शिशिया, सिक्कट, कांतनगर आदि पंचायतो के निचले व जल जमाव वाले खेतों में मखाना की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। पिछले वर्ष भी मखाना के गुड़िया का बाजार भाव ठीक रहने के कारण किसानों को अच्छा मुनाफा हुआ। इस बार भी मखाना खेती का रकवा बढा है। अमूनन मखाना फसल के पौधे की बोआई फरवरी से मार्च माह



की बीच की जाती है। मखाना की फसल तैयार होने में सात से आठ माह का समय लगता है। प्रति एकड़ किसानों को एक लाख से अधिक का मुनाफा हो जाता है। धान, गेहूं की खेती में लागत की अपेक्षा मुनाफा कम होने से अब मखाना की खेती की ओर किसानों का रूझान हुआ है।

## पाइपलाइन वाली रसोई गैस की 40 रूपए प्रति किलो कीमत, जबरदस्त फायदा

**जमुई, एजेंसी।** देर से ही सही, गृहणियों के इंतजार की घड़ी जल्द खत्म होने वाली है। इसकी शुरुआत गुरुवार को उझंडी गांव निवासी विभाष कुमार सिंह की रसोई से हो जाएगी। इसके साथ ही जमुई शहर में पाइप लाइन के सहारे पीएनजी की आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

तब गृहणियों को सिलेंडर के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। इसको लेकर विधिवत तैयारी की जा रही है। प्रोजेक्ट मैनेजर प्रीतम सिंह ने बताया कि फिलहाल पीएनजी की आपूर्ति शुरू की जा रही है। गुरुवार को उझंडी में विभाष कुमार सिंह के घर से पीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद होली तक 101



घरों को पीएनजी आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

फिलहाल 1100 घरों में पीएनजी आपूर्ति को लेकर कनेक्शन कर दिए गए हैं। 1600 कनेक्शन के लिए मीटर और रेगुलेटर लगाने के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। हालांकि शहर में पीएनजी आपूर्ति का लक्ष्य अक्टूबर 2022 में ही था। तब जिला मुख्यालय में 6600 रसोई तक कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था।

लक्ष्य पाने में अभी भी एजेंसी को वक्त लगेगा। वैसे बताया जाता है कि मुख्य पाइपलाइन के साथ-साथ लूप लाइन का भी लगभग कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। सिर्फ आवेदन के अनुरूप लूप लाइन से रसोई घर तक कनेक्शन का कार्य आन डिमांड होना है।

यहां यह बताना लाजिमी है कि पाइपलाइन के जरिए पीएनजी सिलेंडर के वनिस्पत काफी सस्ता पड़ता है। बताया जाता है कि महज 618 रुपए में कनेक्शन तथा लगभग 40 रुपये प्रति किलो गैस की कीमत पड़ती है।

संक्षिप्त समाचार

## राजस्व समाहरण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक



**सासाराम कार्यालय**। अपर मुख्य सचिव,खान एवं भूतत्व विभाग,पटना की अध्यक्षता में दिनांक 7 मार्च 2024 को समाहरणालय, सासाराम में राजस्व समाहरण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में रोहतास जिला पदाधिकारी नवीन कुमार,अपर समाहर्ता रोहतास, सहायक निदेशक खान,रोहतास, खनिज विकास पदा0,मुख्यालय पटना, सहायक निदेशक, खान,औरंगाबाद द्वारा भाग लिया गया बैठक के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये निर्धारित राजस्व समाहरण के लक्ष्य 332 करोड के विरूद्ध माह फरवरी 2024 तक 238 करोड़ वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का लगभग 71 प्रतिशत होता है। इस पर एएसीएस खान द्वारा संतोष प्रकट किया गया। इस वित्तीय वर्ष 2023-2024 के माह मार्च-24 में शेष 94 करोड़ की वसूली हेतु कार्य योजना तैयार कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। कार्य विभाग के निर्धारित लक्ष्य 23 करोड़ के विरूद्ध 6 मार्च 2024 तक कुल 22 करोड़ की राजस्व प्राप्ति की जा चुकी है। शेष बचे लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एसीएस सर के द्वारा विभिन्न कार्य विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निदेश दिया गया। रोहतास जिलान्तर्गत अवस्थित बालू घाटों की समीक्षा के क्रम में समाहर्ता रोहतास द्वारा अपर मखुय सचिव,खान को अवगत कराया गया कि जिलान्तर्गत कुल बीस(20) बालू घाटों में से 19 बालू घाटों की सफलतापूर्व नीलामी की जा चुकी है जिससे सरकार को कुल 166 करोड़ की राजस्व की प्राप्ति हुई है। शेष बचे बालू घाट की नीलामी 23-3-2024 को प्रस्तावित है। अपर मखुय सचिव , खान द्वारा इस उपलब्धि हेतु समाहर्ता एवं जिला खनन कार्यालय,रोहतास के प्रयासों की सराहना की गयी।


फॉर्म IV
नियम 8,समाचारों पत्र पंजीकरण ( केंद्रीय)नियम 1956 के अन्तर्गत
1 प्रकाशन स्थान. नया बाजार,बेतिया
2 प्रकाशन अवधि. दैनिक
3 मुद्रक का नाम. अजित कुमार सिन्हा
राष्ट्रीयता
(क) क्या भारतीय नागरिक है हाँ
( ख ) यदि विदेशी हो तो मूल देश. XXX
पता. नया बाजार चौक,बेतिया
4 प्रकाशक का नाम. अजित कुमार सिन्हा
राष्ट्रीयता
(क) क्या भारतीय नागरिक है हाँ
( ख ) यदि विदेशी हो तो मूल देश. XXX
पता. नया बाजार चौक,बेतिया
सम्पादक का नाम. अजित कुमार सिन्हा
राष्ट्रीयता
(क) क्या भारतीय नागरिक है हाँ
( ख ) यदि विदेशी हो तो मूल देश. XXX
पता. नया बाजार चौक,बेतिया
हस्ताक्षर
अजित कुमार सिन्हा
प्रकाशक


# हल्दी-मेहदी रस्म किस दिशा में जा रहा है हमारा समाज

चाणक्य भूमि

**करगहर**। आज कल ग्रामीण और शहरी परिवेश में होने वाली शादियों में एक नई रस्म का जन्म हुआ है!हल्दी रस्म के दौरान हजारों रूपये खर्च कर के विशेष डेकोरेशन किया जाता है, उस दिन दूल्हा या दुल्हन व पूरा परिवार, रिश्तेदार विशेष पीत (पीले) वस्त्र धारण करते हैं। पुराने समय में जरूर दूल्हे दुल्हन के चेहरे व शरीर की मृत त्वचा हटाने, मुलायम करने व चेहरे को गोरा और चमकदार बनाने के लिए हल्दी,चंदन, आटे, दूध आदि का उबटन बनाकर शरीर पर लगाया जाता था।पुराने समय में ना तो आज की तरह साबुन व शैम्पू थे ना ही ब्यूटी पार्लर। हल्दी के उबटन से घिसघिस कर दूल्हे दुल्हन को गोरा किया जाता था। वो रस्म साधारण तरीके से शादी वाले दिन जरूर निभाई जाती रही है। लेकिन आजकल की हल्दी रस्म मोडिफाइड हो गई है। जिसमें हजारों रूपये खर्च कर डेकोरेशन किया जाता है। महंगे पीले वस्त्र पहने जाते है। और यह पीला ड्रामा किया जाता है। आजकल देखने में आ रहा है कि आर्थिक रूप से असक्षम परिवार के लड़के भी इस लोक दिखावा में शामिल होकर परिवार को कर्ज के बोझ में धकेल रहे है। क्योंकि उन्हें अपने छुट भईए नेताओं, चवन्नी छाप दोस्तों को अपना ठरका दिखाना होता है। प्देजं, फेसबुक, आदि के लिए रील बनानी होती है। बेटे के रील बनाते बनाते बाप बिचारा रेल बन जाता है। ऐसे ऐसे घरों में फिजूल खर्ची में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है जिन घरों में घर के नाम




पर छप्पर है, घर की किवाड़ी नहीं है, बाप ने पसीने की पाई पाई जोड़ कर मकान का ढांचा खड़ा किया तो छत नहीं है, छत है तो प्लास्टर नहीं, प्लास्टर है तो दरवाजा नहीं है, बाप के पहनने के चप्पल नहीं है मां के ओढ़ने के लिए ढंग की चुनरी नहीं है लेकिन 10 वीं 12 वीं मरते डूबते पास करने वाले छिछोरे मां बाप की हैसियत से विपरीत जाकर अनावश्यक खर्चा जरूर करते हैं। ऐसे लड़के 1 रुपए की मजदूरी करना नहीं चाहते और सूखे दिखावे के चक्कर में मां बाप को कर्ज में धकेल देते हैं। ऐसे लड़कों के सैकड़ों ऐसे ही लूखे दोस्त होते हैं जिन्हें ये लोग प्यार से ब्रो कहते है। शादी विवाह में अपना स्टेटस बनाने के लिए जिसको ढंग से जानते भी नहीं उन्हें भी शादी में इन्वाइट करेंगे।

किसी से सिफारिश लगाकर प्रधान, विधायक और नेताओं को बुलाते हैं ताकि गांव में इनका ठरका जमे। बहुत सारी गाडियां घर के आगे खड़ी देखने की उत्कंठा रखते हैं। किसी को बुलाए कोई आपत्ति नहीं लेकिन उन बड़े लोगों के साथ फोटो सेल्फी लेने में और उनके आगे पीछे घूमने में इतने मशगूल हो जाते है कि घर आए जीजा, फूफा, नाना, नानी, बहन , बुआ अड़ोसी पड़ोसी को चाय पानी का भी पूछना उचित नहीं समझते। जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हो उन परिवारों के बच्चों को मां बाप से जिद्द करके इस तरह की फिजूल खर्ची नहीं करवानी चाहिए। आजकल काफी जगह यह भी देखने को मिलता है कि बेटे मां दृ बाप से कहते है आप कुछ नहीं समझते। उन्हें उपमा देते हैं 'घोना, धण।'मैं जब भी यह सुनता हूं पांवों के नीचे जमीन खिसक जाती हैं। बड़ी चिंता होती हैं कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है।

# एसडीएम ने आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए किया बैठक

पदाधिकारीयों को दिए निर्देश

चाणक्य भूमि/ अकोढ़ीगोला।

**डेहरी** प्रखंड सभागार में गुरुवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बनाए गए सेक्टर पदाधिकारी , सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह की अध्यक्षता में की गई ।इस बैठक का मूल उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा की उपलब्धता, मतदान केंद्र तक पहुंच पथ की सुगमता एवं अन्य महत्वपूर्ण दायित्व की समीक्षा थी। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन अत्यावश्यक है। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वयं सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करना



सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ वहां निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में प्रतिवेदित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों तक पहुंच पथ सुगम होना चाहिए । यदि किसी मतदान केंद्र तक जाने का मार्ग सुगम ना हो तो इस संबंध में सेक्टर पदाधिकारी प्रतिवेदन करेंगे ।अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए आवश्यक तैयारी कर लें। सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी को सभी थाना अध्यक्ष द्वारा अपेक्षित सहयोग किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि पिछले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में जिस मतदान केंद्र पर कम मतदान हुए थे ।वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ।उन्होंने उन मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर जन अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी डिहरी को निर्देश दिया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्लान बनाकर मुझे सूचित करें ।ताकि पूरे अनुमंडलीय क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया जा सके ।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत राज्य के प्रतिशत से काम नहीं होना चाहिए ।अंत में अवर निर्वाचन अधिकारी श्री संतोष कुमार ,प्रखंड विकास पदाधिकारी डिग्री पुरुषोत्तम त्रिवेदी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश एवं सेक्टर पदाधिकारी के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तत्परता पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## इलेक्ट्रोड घोटाला सबसे बड़ा घोटाला है -अरुण कुमार



चाणक्य भूमि/ नोखा।

नगर परिषद नोखा के नोखा बस स्टैंड पर जनसंपर्क अभियान चलाया कर काराकाट के विधायक ने लोगों से कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले ) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सासाराम फजलगज स्टेडियम में गुरुवार को आ रहे हैं। इन लोगों को चलने के लिए अपील की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों से कहा कि देश का सबसे बड़ा घोटाला इलेक्ट्रोड घोटाला है जिसे भाजपा दबाना चाहती है ।किसने की ऋण माफ नहीं किए जाते और औद्योगिक घराने के ऋण माफ कर दिए जाते हैं। इसको लेकर कड़ी आलोचना की और किसानों के मुद्दे पर कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है। सरकार किसानों की मांगे नहीं मान रही है ।एमएसपी की गारंटी और कई मुद्दे हैं जिस पर टालमटोल सरकार कर रही है। वहीं अग्निवीर को लेकर के सरकार की आलोचना की। इस मौके पर पार्टी के नेता कैसर निहाल सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

## भीड़ में बाइक - बाइक सटा तो हो गया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**अकोढ़ीगोला**। बाजार स्थित कैनाल पुल पर जाम के दौरान बाईक बाईक में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाईक सवार आपस मे भीड गएं। और दोनो तरफ से जमकर मारपीट हो गई। जिसमें बांक गांव के एक युवक का सर फट गया। और सर से खुन बहने लगी। राहगीरों ने बीच-बचाव करते हुए दोनो को अलग किया। और पुलिस को सुचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आते देख मारपीट करनेवाले बाईक के साथ भाग निकले। पुलिस ने जख्मी युवक को ईलाज के लिए पीएचसी भेजा। वहीं जख्मी युवक के आवेदन पर मारपीट करने वाले युवक को चिन्हित करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि बांक गांव निवासी राहुल कुमार अपने साला के साथ सगाई समारोह में नीमा गांव जा रहे था। तभी बाजार स्थित कैनाल पुल पर जाम के दौरान उसकी अपार्ची बाईक छपरा निवासी छोटु कुमार के बुलेट में पिछे से सट गया। जिस पर आपस में दोनों बाइक सवार युवक भीड गए।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर के जलभरी सह शोभायात्रा निकाली गई

चाणक्य भूमि/नोखा।

प्रखंड के सतर विगहा गांव में गाने बजाने के साथ जलभरी सह शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन के भी किया जाएगा। इसके आयोजन शिवनंदन चैधरी ने बताया कि शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर के यह जल भारी शोभा यात्रा निकाली गई। यह जल भरी शोभा यात्रा नोनिया चैहान कर्मचारी संघ के कार्यालय के पास से शुरू किया गया और खराडी गांव नहर पर पहुंचा। खराडी गांव नहर पर पहुंचकर के मनात्रोच्चरण के साथ शुद्धि क्रिया की गई और वहां पर जल भारी की गई। जहां पर की आचार्य श्रीकांत पांडे द्वारा मनात्रोच्चरन के साथ जल भारी शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में उपस्थित लोगों द्वारा जय श्री राम, जय शिव, जैसे भगवान के



नारे लेते हुए महिलाएं सर पर कलश लेकर के डीजे के साथ नाचते गाते हुए वापस नोनिया चैहान कर्मचारी संघ के कार्यालय के पास पहुची । इसका आयोजन शिवनानाद चैधरी ने बताया कि यह यज्ञ 3 दिनों तक चलेगा। जिसको लेकर के शोभा यात्रा निकाली गई। यज्ञ आयोजन कर्ता ने बताया कि विचार शुद्धि और वातावरण शुद्ध के लिए यह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर के यज्ञ के माध्यम से भगवान शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस मौके पर सूर्यमणि कुमार, सुशील चैधरी, शिवनंदन चैधरी ,पिंकू चैधरी, डॉक्टर सरोज कुमार, अवधेश चैधरी, वार्ड सदस्य, मुखिया प्रतिनिधि विवेक कुमार सहित कई गण्यमन व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा का दोहरे चरित्र बेनेकाब: दीपांकर

चाणक्य भूमि/ सासाराम।

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि कांग्रेस राजद के विधायकों द्वारा दल बदल के मामले में विधानसभा अध्यक्ष की बेइमानी भाजपा की दोहरे चरित्र को बेनकाब कर दिया है। भट्टाचार्य गुरूवार को स्थानीय फजलगंज स्टेडियम में जनादेश के विश्वासघात को लेकर आयोजित नागरिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्रीभट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा राज में धन-बल और बाहुल बल की जोर से विपक्षी विधायकों को तोड़ कर सरकार बनाने की एक से बढ़ कर एक कारनामा हुआ। भाजपा विपक्ष को तोड़ देने की साजिशें लगातार कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित,गरीबों की आवाज कामरेड मनोज मंजिल अगियांव के विधायक को झूठे मोकदमा में फंसाने,सजा दिलाने व 24 घंटे के अंदर भाजपा विधानसभा अध्यक्ष के जरिये उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म करने में जो तत्परता दिखाई गयी वैसी तत्परता कांग्रेस और राजद विधायकों द्वारा दल बदल किए जाने के मामले में नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के वोट से जीते चेनारी के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम,मोहनियां से राजद विधायिका संगीता देवी और भभुआ से भरत बिंद के पाला बदल मामले में अभी तक विधानसभा अध्यक्ष चुप हैं। जबकि इनलोगों के विरूद्ध संबंधित दलों द्वारा सदस्यता खत्म किए जाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को अनुरोध पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने कहाकि इन विधायकों के विश्वासघात ने जनता को आक्रोशित किया है। जिसका परिणाम निश्चित रूप से अगले चुनाव में आयेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे तबकों को सबक सिखाना जरूरी है। सम्मेलन की अध्यक्षता रोहतास भाकपा माले के जिला सचिव नन्द किशोर पासवान ने की । मौके पर कैमूर जिला कमिटी के सचिव विजय सिंह यादव,काराकाट



के विधायक अरूण कुमार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, अधिवक्ता चंद्रहास सिंह आदि मौजूद थे।

# मॉक ड्रिल के जरिए दी गई आग बुझाने की जानकारी

चाणक्य भूमि/ तिलौथू(रोहतास)।

आग लगने पर फायर बिग्रेड की मदद के लिए डॉयल करे 101

**तिलौथू** प्रखण्ड क्षेत्र के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय महराजगंज में जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश कुमार पांडेय के अध्यक्ष में अग्निशमन विभाग के कर्मियों के द्वारा मॉक ड्रिल के जरिए स्कूल के बच्चे एवं उपस्थित शिक्षकों को आग पर काबू पाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। अग्निक अजित कुमार ने विस्तार पूर्वक बताया कि आग लगने पर उन्हें क्या करना चाहिए तथा रास्ते में अग्निशमन वाहन को देखने पर उनका क्या व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिस जगह पर आग लगने की आशंका हो वहां बाल्टी में पानी व मग और सूती कपड़ा का गमछा तथा बालू मौजूद रहने पर आग की शुरुआत में ही उसे बुझाने में काफी मदद मिल सकती है। आग लगने पर लोगों को आग की प्रकृति का अवलोकन कर तत्काल उसे बुझाने की कोशिश



करनी चाहिए क्योंकि उसके फैल जाने पर उसे बुझाना मुश्किल हो जाता है। आग लगने पर तुरंत उस पर बाल्टी व मग से पानी डाल दिया जाए या बालू डाल दिया जाए तो आग बुझ जाती है। रसोई गैस के सिलेंडर में आग लगने पर उसे सूती कपड़े के गमछे या चादर की मदद से बुझाया जा सकता है। मॉक ड्रिल के दौरान स्कूली बच्चों एवं शिक्षको ने रसोई गैस के सिलेंडर में लगी आग पर सूती कपड़े के गमछे के जरिए खुद काबू पाकर यह तरकीब सीखी।

अग्निक चालक करण कुमार ने कहा कि जब खुद आग बुझाना संभव न हो तो तत्काल अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना देनी चाहिए। मार्ग में अग्निशमन वाहन को गुजरते देखकर प्राथमिकता के आधार पर उसे रास्ता देना चाहिए। अग्निशमन वाहन तभी निकलता है जब कहीं आग लगती है, इसलिए उसके लिए रास्ता छोड़ने में एंबुलेंस से भी अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि समय पर अग्निशमन वाहन के पहुंचने पर जान-माल को आग में नष्ट होने से बचाया जा सकता है।इस मौके पर अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू पश्चिमी के प्रधानाध्यापक सोहेल अहमद, शिक्षक विजय कुमार सिंह, सतेन्द्र प्रसाद, उदय कुमार, जितेंद्र कुमार, गंगा सागर,राजेश कुमार, शिक्षिका मंजू सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, अनिता कुमारी, पूनम कुमारी, पुष्पा कुमारी,साक्षी जायसवाल समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

## हिंसक पूजा धर्म नहीं धर्माभाष -जीयर स्वामी

चाणक्य भूमि/ बिक्रमगंज(रोहतास)।

प्रखंड क्षेत्र के दुर्गाडीह अमाथु में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के 4थे दिन अपने प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी जी महाराज ने बली और शराब से होने वाली पूजा पद्धति से लोगों को बचने का निवेदन किया। इसके संदर्भ में कई उदाहरण देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में इन पारंपराओ का कोई स्थान नहीं है। मनगढ़ंत कहानियों के माध्यम से लोग भ्रम में पड़े हैं। जो कष्ट का कारण बन रहा है। इसके बदले पकवान और मिठाइयां चढ़ा कर पूजा करने और प्रसाद के रूप में वितरण करने का आग्रह किया। उन्होंने प्राकृत प्रदत्त स्वभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रभु नीच स्वभाव के जीव को गोलोक में चलने का प्रस्ताव दिया। जिसपर उस जीव ने अपने अनुकूल वहां व्यवस्था होने का प्रश्न किया। प्रभु ने गोलोक में इससे बेहतर



व्यवस्था होने कि बात कही। परंतु तुक्ष जीव अपनी प्रतिकुलता के कारण प्रभु का प्रस्ताव ठुकरा दिया गया। इसके साथ ही सत्यमार्ग पर चलने और सत्कर्म करने का निवेदन करते हुए स्वामी जी महाराज ने मनुष्य में विराजमान विकृतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भ्रुण हत्या महापाप है। घरेलू झगड़ों पर सास को मां एवं बहू को बेटी की भूमिका निभाने का निवेदन किया।

# दिल्ली दरबार मे आध्यत्मिक उत्सव का आयोजन,उमड़ी भीड़





चाण्क्य भूमि (कनकलता)।बेतिया

**बेतिया**।गुरुवार को मुहूर्त के मुताबिक महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व राज श्रीवास्तव के नूतन गृह प्रवेश के अवसर पर महारुद्राभिषेक और भंडारा का आयोजन किया गया।यजमान के

### सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे का मांग बहोरा

रूप में राज श्रीवास्तव और उनकी माताश्री बिभा श्रीवास्तव,काजल वर्मा ने पूजनोत्सव किया।संध्या समय भंडारा का आयोजन किया गया।गृहप्रवेश और पूजनोत्सव को लेकर श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी।वास्तु शास्त्र के मुताबिक पूजा अर्चना किया गया।प्रथम पूजन गजानन का हुआ।आचार्य के बैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा।इस अवसर पर मझौलिया के पूर्व इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह,विकास कुमार श्रीवास्तव,अनिता श्रीवास्तव,दीपक कुमार,नीतू देवी,समित कुमार,रूपम श्रीवास्तव,निशा श्रीवास्तव,कुमार पंकज कुमार विशाल आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# फार्मेसी डे पर दुभवलिया में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



### प्रतिभगियों को को मिला पदक व प्रमाण पत्र

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।गुरुवार को हाई टेक् पोलिटेक्निक कॉलेज दुभवलिया में एक समारोह आयोजित कर दीप प्रज्वलित किया गया।मौके पर शुभवन्ति इंस्टिट्यूटऑफ प्रॉफेसनल एजुकेशन फार्मेसी के ग्रुप निदेशक डॉ.रविनाथ कुमार ने फार्मेसी के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने फार्मेसी की उपयोगिता पर छात्र छात्राओं को प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि फार्मेसी की पूरी जानकारी लेकर वे अपना कैरियर बना सकते है।इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।प्रतिभागी छात्र छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर कॉलेज प्रवंधन ने पुरस्कृत किया।मौके पर फार्मेसी के जनक प्रो.महादेवलाल सर्राफ की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर ग्रुप के वाइस चेयरमैन शम्भू सिंह,प्रधानाचार्य डॉ.अफरोज आलम,मैनेजमेंट कॉलेज के प्राचार्य रविभूषण कुमार, पंकज कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।प्रतिभागियों मेंअभिषेक आनंद,अभिमन्यु कुमार झा,हिदायतुल्लाह,विकास कुमार,नवनीत, सत्त्यम,समदर्शी कुमार,सैफअली,शशिकांत शर्मा,प्रीति कुमारी,संजय पांडे को बेहतर प्रस्तुति पर पुरस्कृत किया गया।फार्मेसी डे को लेकर छात्र छात्राओं को उत्साहित देखा गया।

# बिज़ली बकायेदारों के विरुद्ध विभाग का अभियान तेज

चाणक्य भूमि बगहा ।



एक ओर जहाँ मार्च के महीने में पूरे जिले मे बिजली विभाग द्वारा वसूली के अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में बगहा विद्युत प्रमंडल के अंतर्गत भी बिजली बकायादारों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में बगहा नगर में बिजली बिल बकायदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है विभाग के कनीय अभियंता शशि भूषण कुमार के अनुसार जिन लोगों का दो से तीन महीने का बिजली बिल बकाया है उनसे बिल की वसूली की जा रही है। विभाग के कार्यपालक अभियंता के निर्देश के आलोक में बिजली बकायदारों के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा विद्युत विच्छेदन अभियान चलाया गया। जिसमें बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा बृहस्पतिवार को 25 बिजली उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया। विभाग के निर्देशानुसार उन सभी बकायदार जो अपना बिजली बिल 2 से 3 महीने का जमा नहीं किए है।वैसे उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं को सख्त हिदायत दी गई कि अपना बिजली बिल जमा कर दे अन्यथा विद्युत विभाग द्वारा वैसे उपभोक्ताओं को चिन्हित करते हुए विभागीय कार्रवाई की सुनिश्चित जाएगी। इसके साथ ही जेई शशि भूषण कुमार ने बताया कि कई लोगों का बिजली बकाया है जो काफी दिनों से बिजली उपभोग कर रहे हैं और बिजली का बिल भी जमा नहीं कर रहे हैं। उनके विरुद्ध विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। वही बगहा दो नगर के कमला टॉकीज,न्यू कॉलोनी,पाठक मार्केट आदि सहित बगहा दो के कई वार्डों में विद्युत कर्मियों व पुलिस बल की मौजूदगी में विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

# मध्याह्न भोजन में गडबडी के कारण छात्र भूखे वापस लौटे

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय पठखौली कन्या में मध्याह्न भोजन में कुछ गड़बड़ी मिलने पर भोजन वापस भेज दिया गया जिसके बाद छात्राओं को भूखे ही वापस घर जाना पड़ा




चाणक्य भूमि बेतिया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय पठखौली कन्या में खराब भोजन का मामला सामने आया है। विद्यालय में एक एनजीओ की और से मध्याह्न भोजन पहुंचाया जाता है। गुरुवार को जब खाना आया तो चावल में घुन मिला। इसके बाद बच्चों ने खाना खाने से मना कर दिया इस दौरान खाना लेकर आए कर्मी खाना वापस लेने से मना कर रहे थे। हालांकि स्थानीय लोगों की पहल पर खाना को वापस कराया गय इसके बाद कर्मियों ने फिर से खाना लाने की बात कही, लेकिन दोपहर के 3:30 बजे तक कोई नहीं पहुंचा। इसके कारण बच्चे भूखे ही घर चले गए। इसके अलावा स्कूल की प्रिंसिपल रानी कुमारी ने बताया कि जब खाना आया था तो चावल में घुन था । इसलिए खाना को वापस कर दिया गया था। उसके बाद NGO द्वारा अब तक खाना नहीं लाया गया है। बता दे कि कुछ दिन पहले राजकीय प्राथमिक विद्यालय नरवल, बोरवाल और भैरवगंज में मध्याह्न भोजन करने के बाद बच्चे बीमार पड़ गए थे। जिससे अभिभावकों में हमेशा भय बना रहता है।

# अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार



चाणक्य भूमि रक्सौल।

**भारत-नेपाल सीमावर्ती** क्षेत्र में तैनात एसएसबी की 71वीं बटालियन और जितना थाना के जॉइंट ऑपरेशन में मादक पदार्थ अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करों की पहचान जितना थाना क्षेत्र के आगरा का रहने वाला सचिन कुमार दास वहीं दूसरा अगरवा बिजबनी जितना थाना क्षेत्र का अनिल बैठा के रूप में हुई है। एसएसबी 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी होने वाली है। जिसके बाद एसएसबी और जितना थाना के संयुक्त ऑपरेशन में दो लोगों को पिलर संख्या 359/10 से के पास भारतीय क्षेत्र से तलाशी के दौरान 1 किलो 900 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही एक बाइक को भी जब्त किया गया।

# गांज़ा तस्कर को तीन किलो गांज़ा के साथ किया



चाणक्य भूमि।

मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के इनरवा के भारत नेपाल सीमा पर पुलिस और एस एस बी की 44 वी बटालियन ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुए तीन किलो ग्राम गांज़ा के साथ मोटर साईकिल सवार एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में इनरवा थानाअध्यक्ष मनीष बंसल ने बताया की बोर्डर से एक व्यक्ति को तीन किलो ग्राम गांज़ा एवं एक मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पचास वर्षीय शिकंदर शाह कानू साकिन जयमंगलापुर नेपाल के रूप में किया गया है । जिसें प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# चनपटिया कृषि पदाधिकारी और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के वेतन पर रोक



चाणक्य भूमि बेतिया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के चनपटिया प्रखंड कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान कृषि पदाधिकारी और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गायब मिले

डीएम के निरीक्षण के दौरान कृषि पदाधिकारी और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अपने कार्यालय में नही मिले तो डीएम दोनों को फोन कर फटकार लगाई। और अगले आदेश तक दोनों के वेतन पर रोक लगा दिया है। जिलाधिकारी ने प्रखंड के अधिकारियों व कर्मियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में बैठक की। बैठक में प्रखंड,अंचल और मनरेगा की कार्यों के समीक्षा करने के बाद आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को चुनाव को लेकर भी कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक मे शामिल अधिकारियों और कर्मियों से कहा कि जनता के हितों के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सरकार की योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करना सभी अधिकारियों का काम है। जिसे हर हाल में पूरा करना है।

# मोतिहारी नगर निगम में अवैध निर्माण जारी

चाणक्य भूमि मोतिहारी।

### मीनाबाजार में खास महल के जमीन पर बेरोकटोक निर्माण जारी ,कई दुकानों को मिली है नोटिस पर कारवाई कुछ नहीं मामले पर संज्ञान लेकर अधिकारी ने शुरू की खोजबीन

नगर निगम क्षेत्र के मीनाबाजार के खास महल जमीन में किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाना है परन्तु कपड़ा पट्टी, किराना पट्टी, चावल पट्टी, मछली पट्टी मस्जिद के पास लगातार दुकान निर्माण कराया जा हनुमान मंदिर के पीछे में दो तल्ला दुकान व गोदाम खुल्लेआम बन रहा है। जबकि खास महल की जमीन पर पक्के की छतदार दुकान नही बनना है पर यहाँ तो दिन के उजाले में बन रहा है दो तल्ला दुकान। वहीं जानकारी के अनुसार कई दुकानों को विभाग द्वारा नोटिस दी गईं है। परन्तु निर्माण लगातार जारी है। ताज़ा निर्माण हो रहा है। जानकारी के अनुसार प्रशासन ने जमीन की जाँच शुरू कर दी है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी द्वारा कारवाई करने की बात की जाती है परन्तु करवाई कुछ नहीं होता। इससे अवैध निर्माण करने वालों में भय व्याप्त है।उन्होंने बताया की जमीन चिन्हित किए हुए हैं। कई दुकानें पूर्व में भी बनाए जा चुके हैं उनके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी। जाँच में अब यह भी खुलासा हो सकता है, की इस खेल में कौन-कौन लोग ठीकेदारी लेकर निर्माण करवाने में शामिल हैं।वहीं खबर प्रकाशित करने पर विवाद की जाती है।

# पितृपक्ष में मटन खाते है और खुद को हिंदू बताते है- उमाकांत सिंह



चाणक्य भूमि बेतिया।

पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर लालू प्रसाद यादव के जन विश्वास रैली में मोदी के परिवार और हिंदू होने पर सवाल उठाया था। इस पर भाजपा विधायक उमाकांत सिंह ने पलटवार किया है। विधायक ने कहा कि लालू बोल कर ही चर्चा में रहते है। इसलिए वह कुछ भी बोल देते है।पितृपक्ष में मटन बनाकर खाते है और अपने आप को हिंदू बताते है। राम मंदिर बनाने वाले कार्य सेवक का रथ रोकते है। उनको क्या दशा होगी सब जानते है। इस बार जनता उन्हें सबक सिखायेंगी। मोदी सनातनी धर्म के प्रतीक है।

































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266